**राजस्थान सरकार**

# निदेशालय खान एवं भू–विज्ञान विभाग राजस्थान–उदयपुर।

शास्त्री सर्कल, उदयपुर। दुरभाषः 0294–2415091

**Web-**www.mines.rajasthan.gov.in **Email-**estt.uda.mg@rajasthan.gov.in

क्रमांकः–निदे/नियु/2/प–भर्ती/2024/**ई–06066**/ **दिनांकः यथा हस्ताक्षर**

## –:: काउंसलिंग सूचना ::–

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित सर्वेयर एवं खनि कार्यदेशक श्रेणी–द्वितीय भर्ती, 2024 का अन्तिम परीक्षा परीणाम दिनांक 03.12.2025 को निम्नानुसार जारी किया गया हैः–

| क्र. सं. | पदनाम | TSP/NTSP | विज्ञापित पदों की संख्या | अन्तिम रूप से चयनित | अनंतिम (Provisionally) रूप से चयनित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खनि कार्यदेशक श्रेणी–द्वितीय | गैर अनुसुचित क्षेत्र(NTSP) | 37 | 30 | 7 |
| | | अनुसुचित क्षेत्र(TSP) | 5 | 3 | 2 |
| 2 | सर्वेयर | गैर अनुसुचित क्षेत्र(NTSP) | 25 | 24 | 1 |
| | | अनुसुचित क्षेत्र(TSP) | 5 | 5 | 0 |

उक्त परीक्षा परिणाम में अन्तिम रूप से चयनित किये गये अभ्यर्थी (उक्त तालिका का कॉलम संख्या–5) के नियुक्ति आदेश जारी किये जाने से पूर्व पदस्थापन कार्यालय का स्थान/जिला का आवंटन हेतु प्रशासनिक सुधार विभाग के परिपत्र दिनांक 18.05.2020 के प्रावधानों के अनुसार **In Person Counslling का आयोजन दिनांक 16.12.2025 को निदेशालय परिसर में प्रातः 11:00** बजे निर्धारित किया गया है।

**अतः इस संबंध में सूचना/निर्देश निम्नानुसार हैः–**

1. अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थी ही उक्त काउंसलिंग में भाग ले सकेंगें, अतः उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय/स्थान पर काउंसलिंग हेतु उपस्थित होंवें। इस हेतु अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय/दिनांक में परिवर्तन के संबंध में कोई पत्राचार ना करें।
2. अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को पदस्थापन का स्थान/जिला का आवंटन के विकल्प हेतु अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा, उक्त के पदस्थापन स्थान/जिला का आवंटन, विभागीय हित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त काउंसलिंग में ही कर दिया जायेगा।

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahaveer Prasad Meena
Designation : Additional Director
Date: 2025.12.10 12:24:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19296018

3- काउंसलिंग की प्रक्रिया में वरियता, प्रशासनिक सुधार विभाग के परिपत्र दिनांक 18.05.2020(https://jankalyanfile.rajasthan.gov.in//Content/UploadFolder/OrderEntry/A0_Lalchand_Kumawat/2022/Circular/O_180520_1fe0bf75-75f4-4363-ba5c-215ce7ff0717.pdf) के प्रावधानों एवं काउंसलिंग हेतु गठित समिति की अनुशंषा के आधार पर किया जायेगा।

4. काउंसलिंग में वरियता हेतु अभ्यर्थियों द्वारा अभ्यावेदन/परिवेदना/प्रार्थना पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत किया जा सकेगा, जिस पर अन्तिम निर्णय विभाग का होगा।
5. अनंतिम (**Provisionally**) रूप से चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग, इनके राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा अन्तिम रूप से चयन किये जाने के पश्चात पृथक से की जावेगी जिसकी सूचना भी पृथक से दी जाएगी।
6. काउंसलिंग हेतु रिक्तियों की स्थिति पृथक से प्रसारित की जावेगी।
7. काउंसलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी पहचान से संबंधित मूल दस्तावेज(कोई भी–2) साथ लावें, संबंधित अभ्यर्थी की पहचान की सुनिश्चितता होने उपरान्त ही काउंसलिंग में सम्मिलित किया जा सकेगा।

**(एम.पी.मीणा)**
**निदेशक**

क्रमांकः–निदे/नियु/2/प–भर्ती/2024/**ई–06066**/ दिनांकः **यथा हस्ताक्षर**

**प्रतिलिपि**:– निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्तानुसार विभागीय वेबसाईट पर उक्त सूचना को अपलोड कराने का श्रम करावें।
2. संयुक्त शासन सचिव, खान एवं पेट्रोलियम विभाग राजस्थान–जयपुर।
3. अतिरिक्त निदेशक(आई.टी), निदेशालय, उदयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
4. वरिष्ठ निजी सचिव(निदेशक/अनिप्र), निदेशालय, उदयपुर।
5. संबंधित अभ्यर्थी जरिये ई–मेल।
6. रक्षित पत्रावली।

**निदेशक**

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahaveer Prasad Meena
Designation : Additional Director
Date: 2025.12.10 12:24:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19296018